‘गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट’ के ‘कर्टन रेजर’ समारोह में माननीय राज्यापल महोदय का मीडिया को सम्बोधन

(दिनांक 18 मई, 2023)

जय हिन्द!

1. 18वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के संदर्भ में राजभवन नैनीताल में पधारे सभी मीडिया बंधुओं का हार्दिक स्वागत करता हूँ, मैं इस अवसर पर उन सभी गोल्फर्स का भी हार्दिक स्वागत करता हूँ जो इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

2. हमारे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि कल से राजभवन नैनीताल में 18वां ‘गवर्नर्स कप’ गोल्फ टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है।

3. गोल्फ एक शानदार खेल है, इस खेल के माध्यम से हम एक नयी स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव करते हैं, यह खेल आपको अपने लक्ष्यों को स्वयं निर्धारित करने और समयबद्ध ढ़ंग से उसे प्राप्त करने के लिए प्ररित करता है।

4. राजभवन उत्तराखण्ड का जो यह ‘गर्वनर कप’ है इसका सबसे बड़ा उद्देश्य उत्तराखण्ड राज्य को पर्यटन की दृष्टि से विश्वमानचित्र पर

प्रसारित करना है, साथ ही इस गोल्फ टूर्नामेंट के माध्यम से सरोवर नगरी नैनीताल की खूबसूरती, ताजगी और जिंदादिली को लोगों तक पहुंचाना भी है।

5. आप सब तो जानते ही हैं कि नैनीताल पर्यटन मानचित्र पर विश्वभर में एक विशिष्ट पहचान रखता है। उत्तराखण्ड का पर्यटन क्षेत्र पूरे विश्व में विस्तृत हो हम सभी उत्तराखण्ड वासियों को भी उसी सोच के अनुरूप आगे बढ़ना होगा, ऐसी वैश्विक सोच के लिए यह गोल्फ टूर्नामेंट एक अवसर हो सकता है।

6. पर्यटन व्यवसाय उत्तराखण्ड की आर्थिक गतिविधियों के लिए भी बहुत ही आवश्यक है, पहाड़ों में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हों इसके लिए हमें साहसिक खेल, मनोंरंजन के संसाधन और पर्यटन के नये नये डेस्टिनेशन तराशकर तैयार करने होंगें।

7. उत्तराखण्ड का पर्यटन व्यवसाय बढ़े, युवाओं को नये नये क्षेत्रों में खेल –पर्यटन, हास्पिटैलिटी और अन्य व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले।

8. इसके साथ–साथ हमारा यह प्रयास भी है कि अमीरों का खेल कहे जाने वाला गोल्फ, आम जन तक पंहुचे इसके लिए भी निंरतर प्रयास कर रहे हैं।

9. इस खेल के साथ युवाओं और हमारी बेटियों को जोड़ा जाना भी जरूरी है और दृष्टि से हम प्रयास कर रहे हैं, जिसके परिणाम भी बहुत अच्छे आ रहे हैं।

10. इस वर्ष युवाओं और लड़कियों ने भी एंन्ट्री मे रूचि दिखाई है, टूर्नामेंट में महिलाओं की केटेगरी में 09 महिला गोल्फर ने रजिस्ट्रेशन कराया है, वहीं 16 युवा गोल्फर भी टूर्नामेंट को हिस्सा बन रहे हैं।

11. टूर्नामेंट में विजेन्द्र प्रताप सिंह तोमर और रूसांक सिजवाली जिनकी उम्र 06 वर्ष है, भाग ले रहे हैं। इससे पता चलता है कि बच्चों में भी गोल्फ को लेकर कितना उत्साह है, टूर्नामेंट में कुल 125 गोल्फर हिस्सा ले रहे हैं।

12. 2003 में शुरू किए गए इस टूर्नामेंट के माध्यम से पिछले कुछ वर्षो में राजभवन गोल्फ कोर्स को

आमजन से अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

13. कोविड और अन्य चुनौतियों के कारण तीन सालों से गोल्फ को आयोजन नहीं हो सका था लेकिन इस वर्ष आयोजन को लेकर सभी में एक अलग उत्साह है।

14. राजभवन गोल्फ कोर्स को स्कूली बच्चों के लिए भी उपलब्ध कराया जा रहा है, कुछ दिन पहले ही गर्वनर्स कप इण्टर स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया।

15. इसमें भी 16 बेटियों ने प्रतिभाग किया था, पहली बार शेरवुड कालेज ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया, मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षो में उत्तराखण्ड से गोल्फ के राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे।

16. 200 एकड़ क्षेत्रफल में फैला राजभवन गोल्फ कोर्स अपने आप में एक बहुत आकर्षण का केन्द्र है, इसके खूबसूरत गोल्फ कोर्स में अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के गोल्फर्स व पर्यटकों को आकर्षित करने की सारी खूबियाँ मौजूद हैं,

इसकी भव्य सुंदरता और गरिमा सभी को आकर्षित करती है। झीलों के लिए प्रसिद्ध जनपद नैनीताल पहले ही अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

17. ये सब बातें आप सब जानते हैं क्योंकि आप इस शहर के वाशिंदे हैं। मैं सिर्फ इसलिए दोहरा रहा हूँ कि अपने राज्य, अपने जिले और अपने शहर की खूबियों को देश और दुनिया के सामने सबसे बेहतर तरीके से आप ही पेश कर सकते हैं। आपकी सोच व कलम जितनी पॉजीटिव रहेगी उतने ही बेहतर परिणाम दिखाई देंगे।

18. पॉजीटिव कार्यों की सार्वजनिक सराहना से सबका मनोबल बढ़ता है। उसका प्रभाव भी अच्छा पड़ता है। किसी भी स्तर पर हो रहे अच्छे कार्यों को प्रमुखता दें। सरकारी कामकाज में कुछ कमियाँ आपको नजर आती होंगी। जनहित में उन कमियों में सुधार के लिए शासन–प्रशासन को निरन्तर सजग करते रहना चौथे स्तम्भ की अहम जिम्मेदारी भी है।

19. इस गोल्फ प्रतियोगिता उद्देश्य नैनीताल और उत्तराखण्ड के पर्यटन का प्रचार–प्रसार करना है, उत्तराखंड देव भूमि हैं। यह योग, ध्यान,

आयुर्वेद की भूमि है। वाटर स्पोर्ट्स और साहसिक खेलों के लिए भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है।

20. आज राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक वर्ष भर अपनी सुविधा एवं रूचि के अनुसार उत्तराखंड आते हैं और नई ऊर्जा प्राप्त करके तरो–ताजा होते हैं। इस सभी के प्रचार–प्रसार में आप सभी की लेखनी का बहुत अधिक महत्व है।

21. किसी भी समाज के विकास में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान होता है। मेरी आज सबसे अपेक्षा है कि इस आयोजन को अधिक से अधिक प्रचारित–प्रसारित करें, आपके सहयोग से ही यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य, कला–संस्कृति को बड़े स्तर पर और अच्छी पहचान मिल सकती है।

22. आपको डिटेल जानकारी गोल्फ कैप्टन द्वारा दे दी गई है। कल सुबह 7:30 बजे 18वें ‘गवर्नर्स गोल्फ टूर्नामेंट’ की शुरूआत होगी उस समय आप सादर आमंत्रित हैं। आपकी उपस्थिति से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन होगा।

एक बार आप सभी का पुनः बहुत–बहुत धन्यवाद।

जय हिन्द।